एक नजर में

## कैबिनेट मंत्री चौहान के प्रयासों से तीन महत्वपूर्ण सड़के स्वीकृत



**अलीराजपुर।** अलीराजपुर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान के प्रयासों से शासन द्वारा तीन महत्वपूर्ण सड़कों को प्रशासनिक स्वीकृति जारी की। जिससे ग्रामीणजनों को आवागमन में काफी सहायता प्राप्त होगी। कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान ने बताया कि ग्रामीणजनों एवं जनप्रतिनिधियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूर्ण करने का हमने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के दौरान ग्रामीणजनों को वादा किया था। जिसके चलते प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव ने निरंतर पूर्ण करते हुए हमारी कई मांगों को मंजूर कर क्षेत्र में विकास की गंगा बहने का मेरा लक्ष्य पूर्ण किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम थोड़सिंधी से इस्डू तक 8.9 किमी लंबी सड़क 1548.54 लाख रुपए से बनेगी, वहीं बिचौली हाथापाई फलिया से ककड़वाल सिलोटा मार्ग 6.70 किमी 1020.59 लाख में बनेगा। इसी तरह वालपुर निचला फलिया से बेहड़वा व्हाया कुकड़िया 7 किमी लंबी सड़क बनेगी जो 1031 लाख रुपए लागत से बनकर आमजन मानस को आवागमन हेतु समर्पित होगी। उक्त जानकारी कैबिनेट मंत्री श्री चौहान के विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता द्वारा दी गई।

## भूमि आवंटन हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ

**आलीराजपुर।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री एस एस कछवे ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र सेजावाड़ा तहसील चंद्रशेखर आजाद नगर में ऑनलाइन पद्धति से भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। भूमि आवंटन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 01 सितम्बर 2025 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 15 सितम्?बर 2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक नियत की गई है। इच्?छुक व्?यक्ति औद्योगिक क्षेत्र भूखंड हेतु ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाईट [illegible] में ऑनलाइन सर्विसेस में जाकर वेकेंट लेंड ऑप्शन के माध्यम से कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र आलीराजपुर में संपर्क कर सकते है। उक्त जानकारी जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा दी गई।

## 24 घंटे में प्रात: 08 बजे तक 42.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले में बीते 24 घंटे में प्रात: 08 बजे तक 42.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार आलीराजपुर में 108.4 मि.मि, जोबट में 14.1 मि.मि, उदयगढ़ में 20.4 मि.मि, च.शे.आ. नगर में 28.0 मि.मि, कट्ठीवाड़ा में 43.0 मि.मि, सोण्डवा में 42.0 मि.मि कुल 255.9 मि.मि वर्षा हुई। जिले में 01 जून से 04 सितम्बर तक 1056.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के अलीराजपुर में 1246.4 मि.मि, जोबट में 793.8 मि.मि, उदयगढ़ में 893.2 मि.मि, च.शे.आ. नगर में 1143.7 मि.मि, कट्ठीवाड़ा में 1761.5 मि.मि, सोण्डवा में 500.0 मि.मि कुल 6338.6 मि.मी दर्ज की गई।गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1114.5 मिलीमीटर थी। उक्त जानकारी अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई।

## भगवान का हमारे जीवन में जन्म होना हमारे पुण्यों का उदय होना है : पं. पंकज दवे

**पेटलावद।** नंद के घर आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की* के जयकारों के साथ भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान कृष्ण के जन्म के साथ ही संसार रूपी जेल के सभी ताले खुल जाते है। माया रूपी बेडियां टूट जाती है। और स्वार्थ के पहरेदार बेहोश हो जाते है। वही वेतरणी रूपी यमुना भी रास्ता दे देती है। इसलिए भगवान का हमारे जीवन में जन्म होना हमारे पुण्य कर्मो का फल होता है। उक्त बात भागवत कथा मर्मज्ञ व कथा वाचक पं. पंकज नरेंद्र नंदन दवे ने निलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के दरम्यान कृष्ण जन्मोत्सव पर कहीं। इस मौके पर एक छोटे से बालक को कृष्ण का रूप और भक्त विजय पेमाजी चोयल को वासुदेव बना कर कृष्ण जन्मोत्सव की लीला का सजीव चित्रण किया गया। जिसका आनंद उपस्थित भक्तसमुदाय ने नाचते गाते, भजन किर्तन करते हुए पुष्प वर्षा कर एक दूसरे को बधाई दे कर उत्सव मनाया। पं. दवे ने कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म केवल दुष्टों के विनाश के लिए नहीं सज्जन पुरूषो और गौ माता की रक्षा तथा धर्म की स्थापना के लिए हुआ है। भगवान ने अपनी बाल लीलाओं के माध्यम से सद प्रेरणा दी है। उनकी हर लीला हमारे जीवन को प्रेरणा देती है और हमस त्य की राह पर चल कर हमारे जीवन का परम उदेश्य पा सकते है। इस मौके पर पं. नरेंद्र नंदन जी दवे ने भजनों से भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर भक्तों ने कथा वाचक पं. पंकज जी दवे और पं. नरेंद्र नंदन जी दवे का साफ बांध कर सम्मान किया। लगातार कई वर्षो से निलकंठेश्वर महादेव मंदिर कथा का क्रम सतत जारी है। जिसका लाभ सैकडों भक्त उठाते है। वहीं कथा का शुभारंभ 31 अगस्त से हुआ और विश्राम 7 सितम्बर को भगवत गीता पाठ के साथ होगा। कथा का आनंद नगर की धर्मप्रेमी जनता प्रतिदिन ले रही है। प्रतिदिन शाम को महाआरती और महाप्रसादी का वितरण लाभार्थीयों के द्वारा किया जा रहा है। कथा में निलकंठेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं. मनोहरदास वैरागी और उनके पुत्र शिवदास वैरागी का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। इसके साथ ही भक्तगण व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान कर रहे है।

## दिगंबर जैन मंदिर में हो रहे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम



**झाबुआ।** श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नेहरू मार्ग में अंबाह से पधारे मयंक भैया पर्यूषण पर्व के शुभ अवसर पर 10 दिन का उपवास कर रहे है। समस्त समाजजनों ने उनके पुण्य और तप-आराधना की खूब-खूब अनुमोदना की है। मयंक द्वारा श्रीजी का प्रतिदिन अभिषेक, शांति धारा, नित्य नियम की पूजा, दसलक्षण, विधान पूजा श्रद्धा-भक्तिपूर्वक करवाई जा रहीं है। आचार्य उमा स्वामीजी द्वारा लिखित तत्वार्थ सूत्र का वाचन कर जैन तत्व ज्ञान को संक्षेप में गागर में सागर की तरह भरकर अपने विशाल ज्ञान भंडार से समाजजनों को संस्कृत और हिंदी में समझा कर धर्म ज्ञान से सभी को लाभांवित किया जा रहा है। रात्रि में उत्तम क्षमा, उत्तम मांर्दव, उत्तम आर्जव, उत्ताम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग उत्तम आकिंचन और उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर आपके द्वारा प्रवचन दिए जा रहे है। सभी कार्यक्रमों में संपूर्ण दिगंबर जैन समाज उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है।

## राठौड समाज ने डोल ग्यारस पर भगवान की शोभायात्रा निकाली

**पेटलावद।** बैंड और डीजे पर गूंजते श्रीकृष्ण भक्ति के गीत, टोलीयों में नाचते-गाते भक्त। झांकी में निकले भगवान राधा-कृष्ण की डोल मंच लगाकर फूलों की बारिश से होता स्वागत। यह नजारा डोल ग्यारस पर राठौड़ समाज द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो से निकली गई भव्य शोभायात्रा में पूरे समय देखने को मिला। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ढोल ग्यारस के अवसर पर नगर के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से राठोड समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा में डीजे की धुन पर युवाओं की टोली झूम रही थी। आगे-आगे पुरूष, तो बीच में युवाओ की टोली और पीछे सैकड़ों महिलाएं चल रही थी। भगवान श्रीकृष्ण झूले में सवार होकर नगर भ्रमण पर है जो कि शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे।

# भागवत कथा में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव, झूमे श्रोता







**झाबुआ।** स्थानीय श्री विश्व शांति नवग्रह शनि मंदिर परिसर में श्री पद्मवंशीय मेवाडा राठौर तेली समाज द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कथा पंडाल में 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और अन्य भजनों पर पांडाल में उपस्थित श्रोता काफी देर तक झुमते व थिरकते रहे। श्रीकृष्ण-जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर कथा पंडाल को गुब्बारों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। व्यास पीठ पर विराजमान प्रख्यात कथा वाचक पं. विनोद शर्मा (भदवासा वाले) ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया। कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए श्रोता लालायित नजर आ रहे थे। कथावाचक पं. शर्मा ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है, तो संकल्प लेना जरूरी है। हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरू की बातों को मानना चाहिए। जिन बच्चों के उपर माता-पिता का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है। हर एक माता-पिता को चाहिए कि अपने साथ बच्चों को भागवत कथा, सत्संग, कीर्तन में साथ में लाएं। धर्म की कथा सुनने से बच्चों में अच्छे संस्कार मिलते है। कथा आयोजन से शनि मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

### संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ

रात्री में करीब 9 बजे से कथा पांडाल पर लाभार्थी शांतिबाई सागरमल मावर परिवार की और से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। जिसमें श्री रामायण मंडल रानापुर के कलाकारों ने समधुर, संगीतमय पाठ की प्रस्तुति दी। पाठ की चौपाईयों के वाचन के मध्य समधुर भजन भी गाए गए। यह पाठ रात 12 बजे तक चला।

### लाभार्थी परिवार का किया स्वागत

श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन के लाभार्थी परिवार का कथा के अंत में स्वागत किया गया। लाभार्थी शांतिबाई सागरमल मावर, मंजुला गोरर्धनलाल राठौर, नितेश और विशाल राठौर को मोतियों की माला, गले में गमछा डालकर समाज के सह सचिव कुलदीप नारायणलाल राठौर और समरथमल मोहनलाल राठौर द्वारा प्रतिक चिन्ह देकर लाभार्थी परिवार को सम्मानित किया। स्वागत समारोह के पश्चात लाभार्थी परिवार द्वारा भागवतजी की आरती कर प्रसादी का वितरण किया।

# कलेक्टर द्वारा अपना गांव-समृद्धि का सपना

## आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब कार्यक्रम का हुआ समापन






**झाबुआ।** आदि कर्मयोगी डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब 2 से 4 सितंबर के समापन के अवसर पर कलेक्टर नेहा मीना द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान से संबंधित मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही समस्त विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर को आगामी समयबद्ध एवं चरणबद्ध कार्यवाही के लिये अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों से पृथक-पृथक गतिविधियो के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया एवं प्रतिभागियों ने अपने अपने अनुभव भी साझा किये। कार्यक्रम में बताया गया कि कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिले में जारी अभियान अंतर्गत 1 सितंबर को समस्त विभाग प्रमुखों, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सीईओ जनपद पंचायत समस्त का 1 दिवसीय जिला स्तरीय ओरियेन्टेशन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरो के द्वारा प्रदत्त ज्ञान को समस्त आदि सहयोगियों, आदि साथियो तक पहुचाने और ग्राम स्तरीय कार्ययोजना बनाने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरो के कार्यो की सराहना की गई। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अभियान से जिले के 651 ग्राम पूरी तरह से सशक्त बनेगें। इन ग्रामों के विकास का खाका अब ग्राम स्तर पर तैयार होगा और जिला स्तर पर अनुमोदन के बाद शासन को भेजा जायेगा। जनजातीय कार्य मंत्रालय के आदि कर्मयोगी अभियान के तहत इन गांवों का पूर्ण विकास होगा और शासन की सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। योजना के तहत गांवो की विशेषताओं को चिन्हित किया जाएगा, जिसमें ग्राम की परंपरा पूजा स्थल, तालाब, चारागाह आदि होंगी। स्वास्थ्य व शिक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा पूरे देश में लागू किये गए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरूआत झाबुआ में भी हो गई है। इससे जनजातीय क्षेत्रों में सांस्कृतिक रूप से जुड़ा स्थानीय नेतृत्व तैयार किया जाएगा,

### जिले के 651 गांवो का किया चयन

अभियान के लिए जिले के 651 गांवो का चयन किया गया है। इसमें झाबुआ जनपद पंचायत के 109, रामा जनपद पंचायत के 118, राणापुर जनपद पंचायत के 95, मेघनगर जनपद पंचायत के 111, थांदला जनपद पंचायत के 108 एवं पेटलावद जनपद पंचायत के 110 ग्राम शामिल है। अभियान की निगरानी के लिए जिला कलेक्टर के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट रिस्पासिंव गवर्नेंस ग्रुप (डीआरजीजी) का गठन किया गया है।



# ब्राह्मण समाज एवं परशुराम सेना की हुई संयुक्त बैठक

### *समाज को एकजुट कर मजबूत बनाने पर हुई चर्चा*

**झाबुआ।** गुरुवार को श्री गुरु वशिष्ठ ब्राह्मण समाज रानापुर की एक वृहद् बैठक का आयोजन पं. हरिओम दवे (संरक्षक, ब्राह्मण समाज रानापुर) के शिवम गार्डन पर हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्राह्मण समाज को एकजुट कर समाज को मजबूत बनाने पर विशेष चर्चा करना था। बैठक में समाज के सभी वरिष्ठजन, युवा तथा मातृ-शक्ति ने शामिल होकर समाज को नई ऊर्जा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही राष्ट्रीय स्तर के संगठन परशुराम सेना के नेतृत्व में चल रही योजना अनुसार ब्राह्मण समाज की परशुराम सेना का गठन किया गया एवं ब्राह्मण समाज रानापुर की नई कार्यकारिणी का गठन पूरे समाज की सहमति से किया गया। इस अवसर पर परशुराम सेना जिलाध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी, जिला संयोजक आश्विन शर्मा, जिला महासचिव अमित शर्मा, अखिल त्रिवेदी, रमाकांत त्रिवेदी, निर्मल पंड्या आदि उपस्थित थे। जिन्होंने समाज के सभी सदस्यों से चर्चा कर परशुराम सेना के उद्देश्यों को स्पष्ट किया और सर्वसम्मति से परशुराम सेना रानापुर की नगर इकाई की घोषणा की। जिसमें नगर अध्यक्ष माधव उपाध्याय, संयोजक निखिल शर्मा, नगर सह संयोजक मनीष जोशी, उपाध्यक्ष आशुतोष उपाध्याय, विशाल शर्मा, उमंग दवे, सचिव अभिषेक उपाध्याय, सह सचिव ध्रुव जोशी, धनुष उपाध्याय, जय पाठक, कोषाध्यक्ष लाभेष आचार्य, सह कोषाध्यक्ष पीयूष दवे, आदित्य गर्ग को बनाया गया। वहीं, पं. हरिओम दवे ने ब्राह्मण समाज रानापुर की नई कार्यकारिणी की घोषणा उपस्थित समाजजनों की सहमति से की तथा नए युवाओं को समाज को आगे बढ़ाने और सशक्त बनाने का मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

**नव नियुक्त पदाधिकारी रानापुर**-नव नियुक्त पदाधिकारी ब्राह्मण समाज रानापुर के अध्यक्ष रवि शर्मा, उपाध्यक्ष आशीष उपाध्याय, शुभम दवे, दिलीप जोशी, कोषाध्यक्ष निलेश दवे, सह कोषाध्यक्ष विनायक बादल, अविनाश पंड्या, सचिव गौरव गर्ग, सह सचिव दिव्यांश दवे, विवेक उपाध्याय, शिवम जोशी को नियुक्त किया गया।

### मंदिर निर्माण हेतु भूखंड देने की घोषणा

ब्राह्मण समाज रानापुर को अपने आराध्य देव भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुरामजी का भव्य मंदिर निर्माण कराने के लिए उन्होंने अपनी निजी भूमि में से 30 बाय 60 का भूखंड शिवम गार्डन परिसर में देने की घोषणा समाजजनों की उपस्थिति में की और समाजजनों की सहमति से मुख्य मंदिर निर्माण का स्थान भी तय किया। संचालन निलेश दवे ने किया। उन्होंने उपस्थित समाजजनों की और से अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि हम सब मिलकर समाज को आर्थिक और सामाजिक रूप से कैसे मजबूत बना सकते हैं।

# बाल प्रतिभाओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति दी



**आलीराजपुर। असाड़ा राजपूत समाज के द्वारा सार्वजनिक गणेशोत्सव कार्यक्रम का ग्यारह दिवसीय आयोजन किया जा रहा। जिसमें विगत दिवस एक से बढ़कर एक किड्स स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में 卐कोंपल卐 नन्हे-मुन्नों की मीठी आवाज़ और संगीत, कला का सुंदर संगम, तथा आधुनिक तकनीक से संकलित ज्ञानवर्धन प्रश्न की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।**

एक से बढ़कर एक किड्स स्पेशल कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा और मासूमियत से सजी एक खास प्रस्तुत की। उद्देश्य था बच्चों में भक्ति के साथ शक्ति जागृत करना और मंच के माध्यम बच्चों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ना और भावी पीढ़ी के हित में और भी ऐसे आयोजन पर बल दिया जाए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगण समाज के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह गेहलोत, शिव भजन मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह वर्मा एवं समाज अध्यक्ष रिंकेश सिंह तंवर एवं शिक्षिका संगीता चावड़ा ने भगवान श्री गणेश जी प्रतिमा का पूजन, आराधना से किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 8वीं तक के छात्रों ने उत्साह से भाग लिया और अतिथिगण ने बच्चों की खूबीयां अपने उद्बोधन में व्यक्त की। । कार्यक्रम का संचालन समाज के मीडिया संयोजक उमेश वर्मा कछवाहा, श्रीमती संध्या तंवर, श्वेता तंवर ने किया। बच्चों ने विभिन्न स्वांग के माध्यम से धार्मिक, बौद्धिक कार्यक्रम के तहत नवीनतम पैटर्न का समावेश करते हुए श्री गणेश जी आकृति बनाई, कोई महारानी लक्ष्मीबाई,सैनिक, शिक्षक, चिकित्सक, इंस्पेक्टर चालू पांडे, मधुलिका, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदि रूप में दिखे तो और कोई गीतों, भजनों, प्रश्नोंउत्तरी विषय पर प्रतिभा दिखाई।। बच्चों ने उम्दा प्रदर्शन कर दाद बटोरी। कार्यक्रम में अनेक समाजजनों ने सहभागिता की। सैकड़ों दर्शकों ने लुत्फ उठाया। । विशेषकर कई श्रोताओं ने प्रश्नो के सही जवाब देकर प्रशंसा प्राप्त की । कार्यक्रम आभार दिपक सिंह एन गेहलोत व विनय तंवर ने माना। समाज के वरिष्ठ सदस्य योगेश नाथावद कनाडा से आनलाइन आशीर्वचन व्यक्त करते हुए उनकी ओर से सभी प्रतिभागीयों को पारितोषिक देने की घोषणा की। श्री गणेश उत्सव कार्यक्रम में पूर्व दिवस में शिव भजन मंडल व शक्ति भजन मंडल, बहुचरा मंडल, द्वारा सुंदर काण्ड भजनों की संगीतमय प्रशंसनीय प्रस्तुती दी।मटकी फोड़ महिला स्पेशल, मनोरंजन गेम महिला स्पेशल, कार्यक्रम संपन्न हुए।

**एक नजर** | **जगह-जगह हुआ इस्तकबाल**

# पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर मुस्लिम समाज ने निकाला जुलूस



**झाबुआ।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस (ईद मिलादुन्नबी) पर 5 सितंबर की सुबह 9.30 बजे से स्थानीय हुसैनी चौक से मुस्लिम समाज द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रहीं। यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकला। विभिन्न कमेटियों एवं संस्थाओं ने भव्य स्वागत-सत्कार किया। जुलूस पश्चात् हुसैनी चौक पर फातेहा पढ़ी गई। जिसमें समाजजनों ने देश में अमन-चेन की दुआ मांगने के साथ पंजाब में बाढ़ पीड़ितों को राहत के लिए भी दुआ मांगी। बाद समाजजनों के सामूहिक भोज का आयोजन हुआ। जुम्मा होने से दोपहर में जामा मस्जिद एवं अन्य मस्जिदों में विशेष नमाज अता की गई। एक-दूसरे को गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देकर खुशी जाहिर की। शुक्रवार सुबह स्थानीय हुसैनी चौक से जुलूस शुरू हुआ। जिसमें आगे डीजे पर नाते शरीफपढ़े जाने के साथ इसके पीछे बच्चें, फिर युवा तथा समाज के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। रथ पर पेश इमाम मोईनुद्दीन खान, मौलाना नोमान खान एवं सद्दाम खान बैठे। वहीं जुलूस में विशेष रूप से मुस्लिम पंचायत के जिला सदर जाकिर कुरैशी, शहर सदर कुतुबद्दीन शेख, समाज के वरिष्ठ डॉ. वाहिद शेख, समीउददीन सैयद, पार्षद करीम शेख एवं गोलू कुरैशी ने भी शिरकत की। यह जूलूस करीब एक किमी लंबा रहा। जूलूस हुसैनी चौक से मारूति नगर, मौलाना आजाद मार्ग, पानी की टंकी, सज्जन रोड़, बावड़ी गली, जगमोहनदास मार्ग, राजवाड़ा, नेहरू मार्ग, सुभाष मार्ग, कमल टॉकिज गली, मुख्य बाजार होते हुए पुन: हुसैनी चौक पहुंचा। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के उपलक्ष में पूरे हुड़ा क्षेत्र को तोरण, ब्लूनस और विद्युत रोशनी से जगगम करने के साथ विभिन्न कमेटियों ने स्वागत द्वार भी बनाए। मौलाना आजाद मार्ग एवं पानी की टंकी के समीप आतिशबाजी के साथ चमकीली पन्नीयों से बौछार कर कमेटियों द्वारा जुलूस में शामिल समाजजनों का इस्तकबाल किया। बावड़ी गली में नूरे ईलाही कमेटी, कमल टाकिल गली में बाबु बागवान एवं शुरू बागवान परिवार, राजवाड़ा पर शहर कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी की और से जिलाध्यक्ष प्रकाश रांका ने नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। नेहरू मार्ग पर सकल व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय कांठी, पंकज जैन आदि ने सभी पर पुष्प वर्षा की। बोहरा मस्जिद के बाहर दाऊदी बोहरा समाज के नुरूद्दीभाई बोहरा के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठजनों ने जुलूस का स्वागत कर ईद मिलादुन्नबी की सभी को मुबारकबाद दी गई। इसके अलावा भी अन्य कई कमेटियों ने बाजार में जगह-जगह प्रवेश द्वार बनाकर एवं स्टॉल लगाकर पुष्पमालाओं से स्वागत और स्वल्पाहार, ठंडाई आदि की व्यवस्था की।


### जाहिर सूचना

दिनांक -02/09/2025

मेरे पक्षकार ऐयु स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा रामकृष्ण नगर झाबुआ के द्वारा सर्वसाधारण हित में जाहीर सूचना प्रकाशित की जाती है कि झाबुआ जिला प.ह. नंबर 91 सर्वे क्रमांक.215/1 ग्राम छायन तहसील थांदला जिला झाबुआ में स्थित भुखण्ड जिसका क्षेत्रफल 2500 वर्ग फिट होकर दलुसिग पिता नाहरसिग डामर निवासी ग्राम छायन तहसील थांदला जिला झाबुआ के द्वारा नरसिंग व चुनिया पिता कालीया से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक अ1/68 से दिनांक 19.06.2000 को क्रय की गयी थी तथा दलुसिग पिता नाहरसिग डामर की मृत्यु दिनांक 23.12.2007 हो जाने के उपरान्त उक्त भुखण्ड उनकी पत्नी सविता पति नाहरसिंग व पुत्र राकेश पिता नाहरसिग गणावा के नाम पर खसरे में दर्ज होकर उक्त सम्पति श्रीमती सविता पति नाहरसिग व पुत्र राकेश पिता नाहरसिंग गणावा को ऋण दिया जा रहा है, जिस हेतु ऐयु स्मॉल फॉईनेंस बैंक शाखा रामकृष्ण नगर झाबुआ के द्वारा ऋण प्रयोजन हेतु निर्धारित अवधि तक के लिये साम्याबंधकित किया जा रहा है। यदि उक्त सम्पति पर किसी व्यक्ति व परिवार के अन्य सदस्य या संस्था का बकाया या लेन-देन या स्वत्व हो अथवा साम्याबंधकित किया जाने में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस में भीतर ऐयु स्मॉल फाईनेंस बैंक शाखा रामकृष्ण नगर झाबुआ संस्था या मेरे कार्यालय में 7 दिवस में आपत्ति दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद को आपत्ति मान्य नही होगी और सम्पति को ऋण हेतु साम्याबंधकित कर दिया जावेगा।

**हितेश संघवी (एडवोकेट)**
**चंद्रशेखर आजाद मार्ग झाबुआ**
**मोबा.- 9424064555**